कार्यालय प्रबन्ध अनुभाग, जनपद न्यायालय, कन्नौज

कार्यालय विज्ञप्ति

01. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, कन्नौज में स्थित जर्जर एवं निष्प्रयोज बाउन्ड्री वाल** एवं **पुराने मुन्सिफी परिसर वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, स्थित जर्जर अवशेषो** की नीलामी दिनांक 20.04.2019 को अपरान्ह 4:30 बजे जनपद न्यायालय परिसर मुख्यालय में नीलामी समिति द्वारा की जायेगी।

02. आवासीय परिसर में स्थित पुरानी बाउन्ड्री वाल की लम्बाई 370.95 मीटर तथा अनावासीय परिसर में स्थित पुरानी बाउन्ड्री वाल की लम्बाई 278.80 मीटर है।

03. वाउन्ड्री वाल को तोड़ने तथा निकलने वाले मलवे व ईंट को ढोने का खर्च नीलामी पाने वाले व्यक्ति को वहन करना पड़ेगा ।

04. नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकार कर दे। अन्तिम बोली की स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा की जायेगी।

05. वाहय न्यायालय छिबरामऊ, कन्नौज में स्थित जर्जर एवं निष्प्रयोज बाउन्ड्री वाल की बोली बोलने वाले को नीलामी में भाग लेने से पूर्व मु0–20,000–रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जोकि जनपद न्यायाधीश, कन्नौज के नाम देय हो, जमा करना होगा एवं **पुराने मुन्सिफी परिसर वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, स्थित जर्जर अवशेषो** की बोली बोलने वाले को नीलामी में भाग लेने से पूर्व मु0–10,000–रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जोकि जनपद न्यायाधीश, कन्नौज के नाम देय हो, जमा करना होगा।

06. नीलाम किये जाने वाली बाउन्ड्री वाल को वाहय न्यायालय छिबरामऊ, कन्नौज, में एवं जर्जर अवशेषो को पुरानी मुन्सिफी परिसर वाहय न्यायालय छिबरामऊ में देखा जा सकता है। बोली बोलने वाले का यह स्वयं उत्तरदायित्व होगा कि वह बोली बोलने से पूर्व निरीक्षण कर ले।

07. नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के कानूनी कार्यवाही का क्षेत्राधिकार, नीलामी समिति कन्नौज होगा।

11.04.19

(आर0बी0 सरोज)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या–01, कन्नौज।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को नोटिस बोर्ड पर सूचनार्थ एवं चस्पा कराये जाने हेतु प्रेषित हो।

01. मा0 उच्च न्यायालय वेबसाइट पर सूचना हेतु।
02. माननीय जनपद न्यायाधीश, कन्नौज।
03. जिलाधिकारी, कन्नौज।
04. नगर पालिका, कन्नौज व छिबरामऊ।
05. जिला परिषद, कन्नौज व छिबरामऊ।
06. उप–जिलाधिकारी, कन्नौज व छिबरामऊ।
07. नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, कन्नौज व छिबरामऊ।
08. जनपद न्यायालय की निर्धारित बेवसाइट पर सर्वसाधारण को सूचना हेतु।
09. सूचना निदेशक, सूचना निदेशालय सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, लखनऊ, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है, कि विज्ञापन किसी स्थानीय समाचार पत्र में निःशुल्क कराकर एक प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करें।

11-4-19

(आर0बी0 सरोज)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या–01, कन्नौज।